## NEWS इन ब्रीफ

### चाकूबाजी में एक व्यक्ति घायल

**रांची।** चुटिया थाना क्षेत्र स्थित बसेरा होटल के पास रविवार की देर रात चाकू बाजी में शाहिद आलम घायल हो गया। वह अरगोड़ा थाना क्षेत्र के कडरू का रहने वाला है। मामले की जानकारी मिलने के बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और घायल व्यक्ति को इलाज के लिए सदर अस्पताल भेजा। बताया जा रहा है कि आरोपित हिंदपीढ़ी इलाके का रहने वाला है। उसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

### 23 का सरहुल का उपवास, 24 को शोभायात्रा

**रांची।** रांची में सरहुल पर्व पर आदिवासी समाज में काफी उल्लास है। इस पर्व में निकलने वाली शोभायात्रा को सफल बनाने के लिए विभिन्न संगठन तैयारियों में जुटी हुई है। सिरमटोली सरना स्थल के सचिव अरविंद हंस ने कहा कि 23 मार्च को सरना धर्मावलंबी उपवास रखेंगे। उसी दिन नदी तालाब से मछली-केकड़ा पकड़ने की परंपरा है। रात को घड़ा में जल रखाई कार्यक्रम होगा। 24 को सरहुल शोभायात्रा निकाली जाएगी। 25 मार्च को सभी घरों में फूलखोंसी की जाएगी।

### आकांक्षा प्रवेश परीक्षा दो अप्रैल को

**रांची।** झारखंड अधिविद्य परिषद की ओर से आकांक्षा परीक्षा 2023 का आयोजन दो अप्रैल, 2023 को होगा। प्रवेश पत्र ऑनलाइन डाउनलोड करने की तिथि 25 मार्च से निर्धारित की गयी है। वार्षिक माध्यमिक परीक्षा में सम्मिलित हो रहे छात्र आकांक्षा परीक्षा में भी शामिल होंगे।

### 22 मार्च को होगी कलश स्थापना

**रांची।** चैत्र नवरात्रि का पावन पर्व 22 मार्च से नौ दिनों के लिए प्रारंभ होगा, जो 30 मार्च तक चलेगी। चैत्र नवरात्रि शुरू होने के साथ ही नया हिंदू नव वर्ष विक्रम संवत भी शुरू हो जाएगा। नवरात्रि में माता दुर्गा के नौ अलग-अलग स्वरूपों की पूजा की जाती है। नवरात्रि के पहले दिन यानी प्रतिपदा तिथि पर कलश स्थापना के शुभ मुहूर्त के साथ नवरात्रि का प्रारंभ होता है।

**प्रथम दिन–** मां शैलपुत्री पूजा, घटस्थापना। **दूसरा** - मां ब्रह्मचारिणी, **तीसरा दिन** - मां चंद्रघण्टा, **चौथा दिन** - मां कुष्माण्डा, **पांचवां दिन** - मां स्कंदमाता, **छठा दिन** - मां कात्यायनी, **सातवां दिन** - मां कालरात्री, **आठवां दिन** - महाष्टमी, **नौवां दिन** -मां सिद्धीदात्री, **दसवां दिन** - नवरात्रि व्रत का पारण किया जाएगा।

### मुख्य कार्यालय का किया गया उद्घाटन

**लोहरदगा।** गुदरी बाजार के समीप सोमवार को केंद्रीय महावीर मण्डल का मुख्य कार्यालय का उदघाटन विधि विधान पूर्वक पूजा पाठ कर व भगवान श्रीराम के तस्वीर में पुष्पांजलि व आरती कर किया गया। वही नवकन्याओं का कार्यालय में सर्वप्रथम प्रवेश करवाया गया। केंद्रीय महावीर मण्डल के अध्यक्ष रोहित कुमार ने बतलाया कि परम्परा अनुसार रामनवमी त्योहार को उल्लास पूर्ण माहौल में सभी के सहयोग से धूमधाम से मनाया जायेगा। जिसमें अभिवावकों के मार्गदर्शन में सम्पूर्ण कार्यों के किर्यान्वयन करने का पूर्ण प्रयास किया जायेगा। रामनवमी की शोभायात्रा अनुशासन के साथ सम्पूर्ण सनातन समाज को एकजुट कर इतनी बड़ी संख्या के साथ निकाला जायेगा कि वह लोहरदगा जिला के लिये इतिहास होगा। जबकि सप्तमी, अष्टमी, दशमी व एकादशी का अस्त्र शस्त्र परिचालन, बाजा व झांकी प्रतियोगिता भी पूर्व के भाँति आयोजित की जायेगी। जिसमे अधिक से अधिक अखाड़ा भाग ले यह भी अखाड़ों में घूमकर सुनिश्चित किया जायेगा।

# कांग्रेसियों ने मंत्री का पुतला फूंका



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
दिल्ली पुलिस के द्वारा कांग्रेस नेता राहुल गांधी से पूछताछ करने के विरोध में कांग्रेस जनों ने सोमवार को जिला अध्यक्ष सुखैर भगत के नेतृत्व में देश के गृहमंत्री अमित शाह का पुतला दहन किया। मौके पर सूखैर भगत ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की कार्यशैली से वर्तमान राजनीति मयार्दा और सुचिता में गिरावट की आखरी पायदान है। उन्होंने कहा कि भारत जोड़ो पदयात्रा के दौरान रास्ते में राहुल गांधी से मिलने वाली महिलाओं ने अपने दुःख दर्द, उत्पीड़न एवं अत्याचार को साझा किया। और उसके आधार पर ४५ दिनों के बाद राहुल गांधी के वक्तव्यों पर पुलिस भेजना कायरतापूर्ण और तानाशाही करवाई नहीं तो और क्या है। भारत जोड़ो पदयात्रा और राहुल गांधी ने देश की महिलाओं को अपनी समस्याएं और दर्द साझा करने का एक सुरक्षित मंच दिया। तमाम देशवासियों ने जगह जगह अपनी व्यथा से उन्हें रूबरू कराया। केंद्र सरकार आदानी मुद्दे से ध्यान भटकाने और राहुल गांधी की आवाज को दबाने का कुत्सित प्रयास कर रही है। इससे ना तो सच छुपेगा और ना ही दबेगा और ना ही डरेगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सांसद प्रतिनिधि अशोक यादव प्रदेश प्रतिनिधि नेसार अहमद जिला परिषद अध्यक्ष रीना भगत, मोहन दुबे सामूल अंसारी शाहिद अहमद बेलू पवन गौतम प्रभात भगत सदरूल अंसारी प्रदीप विश्वकर्मा तनवीर गौहर यूनुस अंसारी सत्यदेव भगत विशाल डुंगडुंग विनाय उरांव अमृता उराव, शंभू प्रजापति, चंद्रकांता पन्ना सविता कुमारी शुभम सहदेव वीरेंद्र उरांव मंगलेश्वर उरांव मोहम्मद धीरू, संतोष महतो कुददूस अंसारी कालदेव उरांव, प्रदीप महली दुर्गा उरांव समेत काफी संख्या में कांग्रेसी उपस्थित थे।

### जिला स्तरीय सब जूनियर चैंपियनशिप के हुआ चयन

**ठेठईटांगर।** हॉकी सिमडेगा के द्वारा मैट्रिक और इंटर परीक्षा के बाद जिला मुख्यालय में जिला स्तरीय सब जूनियर महिला एवं पुरुष हॉकी चैंपियनशिप आयोजन किया जाएगा। जिसके लिए हॉकी सिमडेगा के पदाधिकारी विभिन्न प्रखंडों के स्थानीय लोगों के सहयोग से प्रत्येक प्रखंडों में खुली चयन ट्रायल कराकर टीम का गठन कर रहे हैं जिस प्रखंडों में पंचायतों की संख्या अधिक है उस प्रखंडों को दो-तीन प्रभागो में बांटा गया है जिसके तहत सोमवार को ठेठाईटांगर प्रखंड के दक्षिणी भाग के लिए खिलाड़ियों का खुली चयन ट्रायल प्रतियोगिता सलगापोस खेल मैदान में आयोजित किया गया इस ट्रायल में कोरोमीया, दुमकी और ताराबोगा पंचायत के खिलाड़ी भाग लिए।आज के चयन ट्रायल से 25-25सदस्य बाली महिला और पुरुष एक एक टीम चयनित किए गए ।और यही चयनित खिलाड़ी हॉकी सिमडेगा जिला स्तरीय सब जूनियर महिला और पुरुष हॉकी चैपमियनशिप में ठेठईटांगर प्रखंड द प्रभाग की टीम से भाग लेंगे।

# सिद्धांतों का पक्का व्यक्ति ही कल्याण करता है



**नवीन मेल संवाददाता। नामकुम**
इस्कॉन रांची सेंटर कमड़े कि ओर से कमेड़ में उत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान कथा वाचक लीला राज कन्हाई दास ने किया। श्री कन्हाई दास ने शीर्षक सरनागति कथा कहते हुए कहा अपने सिद्धधांतों का पक्का व्यक्ति जाति-पांति, धर्म या धन की चिंता नहीं करता है, ऐसे व्यक्ति अपने वसूलो से मानवता का कल्याण ही करते है। कथा के उपरांत कीर्तन और महाप्रसाद का वितरण किया गया। इस दौरान कथा और कीर्तन में मुख्य रूप से लीला राज कन्हाई दास, पुजारी आनंदघन प्रभु, इस्कॉन रांची सेंटर कमड़े प्रबंधक भूपति दास प्रभु, प्रेम प्रकाश अग्रवाल, रामनिवास प्रभु, मोहित प्रभु, हिमांशु शेखर प्रभु प्रिशि माता, पूनम माता, सोनी माता और अन्य प्रभु और माताजी उपस्थित थी ।

# रामनवमी व चैती पूजा धूमधाम से मनाने को लेकर बैठक संपन्न



**नवीन मेल संवाददाता। ओरमांझी**
पूजा समिति ओरमांझी के द्वारा रामनवमी पूजा सह चैती दुर्गा पूजा एवं ओरमांझी मे लगने वाला मेल सह अस्त्र-शस्त्र चालन प्रतियोगिता को शांतिपूर्ण ढंग से संचालित करने के उद्देश्य से दुर्गा महादेव मंदिर ओरमांझी में सोमवार को लक्ष्मण साहू की अध्यक्षता में प्रखंड स्तरीय बैठक संपन्न हुआ। बैठक में प्रखंड के सभी महावीर मंडल के पदाधिकारी, समाजसेवी, मुखिया, उप मुखिया, वार्ड सदस्यों ने रामनवमी पूजा एवं मेला सह अस्त्र-शस्त्र चालन प्रतियोगिता को शांतिपूर्ण ढंग से आपसी प्रेम और भाईचारे के साथ मनाने का संकल्प लेते हुए अपना अपना विचार दिया। बैठक मे प्रखण्डस्तरीय रामनवमी मेला आयोजन पर महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर विचार-विमर्श किया गया। रामनवमी मेला के आयोजन के संदर्भ में धर्म प्रेमियों ने अनेक महत्वपूर्ण बिंदुओं पर अपना अपना विचार प्रकट कर अपनी सहभागिता दिया। बैठक मे मुख्य रूप से लक्ष्मण साहू, ओरमांझी पूजा समिति के अध्यक्ष सतनारायण तिवारी, सचिव श्याम किशोर महतो, कोषाध्यक्ष दुर्गा शंकर साहु, कृष्ण कुमार महतो, मोती लाल महतो, जय गोविंद साहू, उमाशंकर साहू, शिव नारायण साहू, हरीश चंद्र महतो , नरेश महतो,अजय सिंह, दिलीप मेहता, शंकर गुप्ता सुरेश मेहता सुनील कुमार महतो, शैलेश कुमार, अजय मुंडा, चंद्रशेखर महतो, अलखनाथ महतो, भादो मुंडा, बालक पहान, दीपक बडाईक, सत्यम राज कुशवाहा, भीम मुंडा, कृति कांत साहू, अनूप मेहता रिंकू निषाद आनंद महतो, , बलराम महतो, पंकज कुमार , नीरज पांडे सहित धर्म प्रेमी उपस्थित थे।

# सरहुल आदिवासियों की पहचान है : रोशन खलखो



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
सरहुल पूजा पूर्व संध्या पर भव्य कार्यक्रम आयोजित हुआ। बारिश के बावजूद हजारों की संख्या में शामिल होकर सरहुल पूजा में जुटे लोग। रातू में सरहुल कार्यक्रम के दौरान झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता रोशन खलखो ने कहा कि झारखंड आदिवासियों की पहचान है। उन्होंने कहा कि हमें अपनी परंपरा बचाये रखने की जरूरत है। कार्यक्रम में अपनी पारंपरिक वेशभूषा में आए खोड़हाधारियों ने जमकर सरहुल गीत में नृत्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में इटकी, नगड़ी बेड़ो आदि के लोगों ने नृत्य पेश किया। सरहुल पूजा समिति रातू के अध्यक्ष अमर उरांव ने कहा कि हम प्रकृति के पूजक हैं परंपरा को बनाए रखने की जरूरत है। हम अपने पूर्वजों की बनाई परंपरा को बनाए रखना होगा। कार्यक्रम का उद्घाटन महाराजा की पुत्री माधुरी मंजरी, अजय नाथ शहदेव, महुआ मांझी ने दीप जलाकर किया कार्यक्रम में अपनी पारंपरिक वेशभूषा में आए खोड़हाधारियों ने जमकर कार्यक्रम में गीत में नृत्य प्रस्तुत किया। इस मौके पर छोटू उरांव, सुरेंद्र प्रसाद, गंगू पाहन, आनंद टोप्पो आदि मौजूद थे।

# पर्यावरण बचाओ के संकल्प को लेकर पहुंचे पदयात्री, किया स्वागत



**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो**
अयोध्या से चार दिसंबर 2022 को राष्ट्र रक्षा और निर्माण को लेकर वंदे भारत पदयात्रा पर्यावरण बचाओ के संकल्प को लेकर निकले बिहार के आशुतोष पाण्डेय रविवार की शाम को 23 सौ किलोमीटर चलकर बेड़ो महादानी मंदिर पहुंचे। जहां बेड़ो में पद यात्री आशुतोष पाण्डेय का स्वागत महादानी सेवा सत्संग समिति के संरक्षक महावीर गोप पुजारी अशोक पंडा, सहयोगी बाबा बजरंगी दास समेत किशोर साहु के द्वारा किया गया। इस दौरान आशुतोष पांडे ने बताया कि वंदे भारत पदयात्रा के तहत इस राष्ट्र के मानव रूपी इंसान को जागरूक कर पर्यावरण बचाओ और इंसान को आने वाले समय की मार से बचाने के उद्देश्य के की जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमने भी पढ़ाई कर डिग्री लेकर नौकरी किए और मानव सेवा भाव से निकलकर अपने खर्च से पर्यावरण बचाओ के अभियान के तहत वंदे भारत पदयात्रा के नेतृत्व में पूरे राष्ट्र के कई राज्यों का भ्रमण करेंगे। उन्होंने कहा अभी जिस तरह प्राकृतिक की गोद में बसे पानी को बोतल में पैक कर बेचा जा रहा है ठीक उसी तरह हम अगर पेड़ पौधे नहीं लगाए तो आने वाले समय में प्लास्टिक में पैक कर हवा को भी बेचा जाएगा और हम मजबूर होंगे खरीदने के लिए। इसलिए इंसान जितना हो सके वृक्षारोपण करें और अपने आने वाले भविष्य की नींव को मजबूत करें। पद यात्री आशुतोष पाण्डेय ने बताया कि वे 21 राज्यों में जाएगे। दस हजार किलोमीटर पैदल चलने वाले है। इस दौरान दस हजार वृक्षारोपण खुद के पैसे से करेंगे और 10 लाख वृक्षारोपण कराने का संकल्प सभी को दिला रहे है।

### मेरा बूथ सबसे मजबूत का संकल्प लेकर कार्य करें कार्यकर्ता

**सिमडेगा।** भारतीय जनता पार्टी संगठन द्वारा पूरे देश में बूथ सशक्तिकरण अभियान के तहत बूथ कमेटी गठन का कार्य किया जा रहा है इसी क्रम में आज नगर मंडल मंडल के बूथ नंबर 156,157 एवं 158 पर बैठक की गई एवं बूथ कमेटी का पुनर्गठन किया गया मौके पर भाजपा संगठन प्रभारी शैलेंद्र सिंह ने उपस्थित कार्यकताओं एवं बूथ कमेटियों को संबोधित करते हुए कहा की उत्तर प्रदेश एवं गुजरात विधानसभा चुनाव में बूथ कमेटी के बेहतर संरचना के आधार पर ही भारतीय जनता पार्टी ने विजय पताका फहराया झारखंड में भी आने वाले समय में लोकसभा एवं विधानसभा का चुनाव होगा कार्यकर्ता कमर कस लें जिला के बूथ सशक्तिकरण अभियान की टोली मंडल अध्यक्ष मंडल की टोली अल्पकालीन विस्तारक शक्ति केंद्र के संयोजक सहसंयोजक प्रभारी इनकी भूमिका बूथ सशक्तिकरण करने में महत्वपूर्ण है।

# पूजा व मेला को लेकर बैठक आयोजित



**नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली**
सोमवार को सिल्ली प्रखंड अंतर्गत-नव दुर्गा पूजा प्रांगण बूढ़ाआम सिल्ली में एक बैठक आयोजित की गयी, जिसमें आगामी 22 मार्च से 30 मार्च तक होने वाले नौ दिवसीय नव दुर्गा पूजा को भव्य रुप से मनाने का निर्णय लिया गया और मेला को सफल संचालन के लिए 36 सदस्यों का चयन किया गया। सभा का संचालन हरे कृष्ण महतो ने किया मौके पर सोनाराम महतो, उपेंद्र महतो, विभूति गोराई, सोहन घटवार, लक्ष्मण महतो, संजय दत्ता, राजेन मुंडा, सामू मोदक, लालटु मोदक, दीपक गोराई, रोहणा ठाकुर, बलराम महतो उर्फ राधिका, दशरथ महतो, हरिदास मुंडा, उपेंद्र महतो, फेंकना महतो, मुकेश महतो, अजीत कुमार महतो, मनीराम महतो, रामेश्वर महतो, शिवप्रसाद तांती, त्रिलोचन महतो, शिव शंकर महतो, बाबूलाल मास्टर, कैलाश मास्टर, गणेश मास्टर, मधुसुदन मास्टर, रवि लाल मास्टर, मंटू महतो, भगीरथ महतो, फनी भूषण महतो, घासीराम महतो आदि सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहा।

### सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर में कार्यक्रम का आयोजन

**लोहरदगा।** सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर में कक्षा पंचम के भैया बहनों के स्नेह मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया । मौके पर शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य विपिन कुमार दास ने कहा ₹संस्कार शिष्टाचार एवं सदाचार ही विद्यार्थी का श्रृंगार होता है। संस्कार ही जीवन होता है बृज की शोभा पुष्प से होती है आकाश की शोभा चंद्रमा से होती है सरोवर की शोभा कमल पुष्पों से होती है उसी प्रकार अच्छे आचरण से ही विद्यार्थी की सभा होती है। विद्या मंदिर के वरिष्ठ आचार्य राजीव कुमार ने कहा जीवन का नाम पढ़ाई एवं अनुशासन होता है हमें आगामी लक्ष्य सकारात्मक एवं अनुशासन में संस्कार युक्त शिक्षा को जीवन में रखनी होगी जहां संस्कार होता है वही ज्ञान होता हैं। अतः हमें सजग एवं सक्रिय होकर आगे की पढ़ाई करनी है।

**मांग** | ओबीसी समुदाय का विरोधी विधायक दे इस्तीफा

# अविलंब रोस्टर में सुधार किया जाए



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
सात जिलों में ओबीसी का आरक्षण शून्य और ईडब्ल्यूएस (सवर्ण जाति) का आरक्षण 10% किस आधार पर नीति बनाई गई है। सरकार दे जवाब। राज्य में जिला स्तरीय पदों पर नियोजन के लिए सरकार ने सभी जिलों में आरक्षण रोस्टर लागू कर दिया है। जिसमें स्पष्ट है कि ओबीसी वर्ग के साथ सरकार ने घोर भेदभाव किया है। अधिसूचित क्षेत्र के सात जिलों में भी ओबीसी का आरक्षण शून्य कर दिया गया है। जबकि वहीं ईडब्ल्यूएस का आरक्षण 10% दिया जाएगा। राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा सरकार से इस तुगलकी आरक्षण सिस्टम के खिलाफ मांग करता है कि अविलंब रोस्टर में सुधार किया जाए और ओबीसी आरक्षण भी राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग की अनुशंसा के अनुसार 50% दिया जाए। उक्त बातें राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश गुप्ता ने प्रेस वार्ता में कही। उन्होंने कहा कि सभी दलों के ओबीसी विधायक, ओबीसी समुदाय के अधिकार दिलाने में विफल साबित हुए हैं कहा कि उन्होंने ओबीसी समुदाय को केवल प्रयोग किया है। इसलिए वे अविलम्ब इस्तीफा दें और माफी भी मांगें। सवाल है कि वे सात जिले जहां ओबीसी आरक्षण शून्य कर दिए गए हैं उनमें लातेहार, सिमडेगा, गुमला, लोहरदगा, खूंटी, पश्चिमी सिंहभूम और दुमका जिले के नाम शामिल हैं इन जिलों में ओबीसी का आरक्षण शून्य क्यों किया गया? आखिर ओबीसी विधायकों के रहते सदन में आवाज बुलंद क्यों नहीं हुई? श्री गुप्ता ने कहा कि यह कैसी विडंबना है कि एनडीए सरकार के कार्यकाल में भी ओबीसी समुदाय को को उनका हक अधिकार नहीं मिला, ऐसे में उम्मीद थी कि वर्तमान यूपीए की सरकार में ओबीसी समुदाय के साथ इंसाफ होगा और उन्हें उनका हक और अधिकार मिलेगा, लेकिन दोनों सरकारों ने ओबीसी समुदाय के साथ दगा किया उन्हें उपेक्षित किया। यह भी कहा कि राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा ने राज्य में जातीय जनगणना कराने की मांग इसीलिए की थी और मोर्चा द्वारा आज भी यह मांग जारी है। प्रेस वार्ता में प्रदेश उपाध्यक्ष उमेश जयसवाल सूबेदार एसएन सिंह कुशवाहा प्रदेश महासचिव अजय मेहता प्रमोद कुमार रांची ग्रामीण जिला अध्यक्ष शिव प्रसाद साहू कार्यालय प्रभारी संतोष शर्मा प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

### मारपीट के आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी शैलेंद्र सिंह

**सिमडेगा।** भाजपा सिमडेगा जिला प्रभारी शैलेंद्र सिंह ने सदन सिमडेगा में किया प्रेस वार्ता केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा के कार्यक्रम की सफलता पर जिले वासियों को दी शुभकामनाएं सिमडेगा जिले के सभी आम जनता नरेंद्र भाई मोदी को आशा भरी नजरों से देख रहे हैं। सभी आम जनता को नरेंद्र भाई मोदी पर भरोसा है ।आम जनता तीसरी बार नरेंद्र भाई मोदी को प्रधानमंत्री बनाएंगे इस देश का सर्वांगीण विकास नरेंद्र भाई मोदी के नेतृत्व में जो कार्य हो रहा है। वह कार्य 70 वर्षों में अब तक नहीं हो पाया उन्होंने इस मौके पर कोचेडेगा में 9 मार्च को हुए कोचेडेगा मुखिया एवं प्रशासनिक अधिकारियों के बीच घटना पर नाराजगी व्यक्त करते हुए अब तक कार्रवाई ना होने पर कार्यशैली पर उठाए सवाल। कहा- राज्य में प्रशासनिक अधिकारी सुरक्षित नहीं है तो आम जनता कैसे करें सरकार पर विश्वास।

# पुलिस ने चलाया सघन वाहन चेकिंग अभियान



**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो**
बेड़ो थाना के समीप बेड़ो थाना पुलिस ने गुरुवार को वरीय पुलिस पदाधिकारी के निर्देश पर थाना प्रभारी मनीष कुमार गुप्ता के नेतृत्व में थाना गेट के सामने सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। क्राइम कंट्रोल, सड़क सुरक्षा अधिनियम व क्षेत्र में शांति पूर्ण व्यवस्था को लेकर आने जाने वाली दो पहिया वाहन एवं हेलमेट की जांच की गई। इस दौरान बाइक की सघन जांच की गई। इस चेकिंग अभियान से वाहन चालकों में हड़कंप मचा रहा। इस संबंध में थाना प्रभारी ने बताया कि वरीय पदाधिकारी के निर्देश पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया है। इस दौरान दर्जनों वाहनों को बेड़ो पुलिस ने जब्त कर बाइक चालकों को हेलमेट पहने की कड़ी हिदायत देकर देर शाम थाना से छोड़ दिया। इसके बाद वाहन जांच अभियान में बगैर हेलमेट पहने सड़क पर चलने वाले बाइक राहगीरों को पकड़े जाने पर बाइक चालक का सीधा चालान कटेगा।

# गोला से दिल्ली के लिए रवाना हुए स्वच्छता दूत



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू की गए स्वक्ष स्वच्छ भारत मिशन के अभियान से प्रभावित होकर पिछले छह वर्षों से रामगढ़ जिले के गोला प्रखंड निवासी अमर कुशवाहा एवं रंजीत उर्फ बुल्लेट महतो ने अपने क्षेत्र ग्रामीण एवं बाजार आदि जगहों पर बिना किसी सरकारी मदद के सफाई का बीड़ा उठा रखा है। इन्होंने मां छिन्नमस्तिका छिन्नमस्तिका ट्रस्ट नामक संस्था बनाकर अपने इलाके के युवाओं को इससे जोड़ रखा है। जो प्रतिदिन अपने प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में क्रमवार जाकर वहां साफ सफाई कर स्वच्छ भारत मिशन में अपना निःशुल्क सहयोग देते हैं। प्रधानंत्री का सपना और देश की जरूरत स्वच्छ भारत मिशन का संदेश देने हेतू सोमवार को सुबह इनके पांच सदस्यीय दल दो बैटरी युक्त कचरा वाहन एवं एक तिपहिया ट्रॉली के साथ गोला से दिल्ली के लिए रवाना हुए। ट्रस्ट के संस्थापक अमर कुशवाहा का कहना है की हमारा दिल्ली का बारह सौ अस्सी किलोमीटर के सफर के बीच रास्ते में आने वाले सभी शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों की सफाई करते हुए जाएंगे जिससे स्वच्छता का संदेश सभी तक पहुंचें। सफाईकर्मियों के रूप में दिल्ली जाने वाले पांच सदस्यीय दल में अमर कुशवाहा, रंजीत महतो, सुदेश महतो, तनु साव एवं मनु महतो का स्वागत रामगढ़ स्थित थाना चौक पर व्यवसाई विजय मेवाड़ एवं भाजपा के मीडिया प्रभारी सत्यजीत चौधरी द्वारा किया गया।

# उपायुक्त ने सुनीं लोगों की समस्याएं

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
उपायुक्त माधवी मिश्रा ने सोमवार को अपने कार्यालय कक्ष में जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों से अपनी समस्याओं को लेकर उनसे मिलने आए लोगों से मुलाकात की। इस दौरान लोगों ने विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में नामांकन, जाति/ आवासीय सहित अन्य प्रमाण पत्र, पेंशन, दिव्यांगों के लिए विभिन्न सुविधाओं, छात्रवृत्ति, भूमि, रोजगार, विभिन्न योजनाओं के लाभ सहित अपनी विभिन्न समस्याओं से उपायुक्त को अवगत कराया। जिसके उपरांत



उपायुक्त ने मामलों के निष्पादन हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

### रामगढ़ महाविद्यालय में आयोजित तीन दिवसीय मल्टी मीडिया प्रदर्शनी का शुभारंभ

# सुदूरवर्ती क्षेत्रों में लोगों को जागरूक करें





- **प्रदर्शनी में बच्चों और बड़ों के लिए बहुत कुछ : अखिल कुमार मिश्रा**
- **जिलावासियों को कई जानकारियां प्राप्त करने का सुनहरा अवसरः माधवी मिश्रा**

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ**
आजादी के अमृत महोत्सव के तहत केंद्रीय संचार ब्यूरो, रांची/दुमका द्वारा रामगढ़ महाविद्यालय रामगढ़ में आयोजित तीन दिवसीय मल्टी मीडिया प्रदर्शनी कार्यक्रम का सोमवार को अपर महानिदेशक केंद्रीय संचार ब्यूरो रांची/दुमका, पत्र सूचना कार्यालय, रांची एवं आरएनआई अखिल कुमार मिश्रा एवं उपायुक्त रामगढ़ माधवी मिश्रा के द्वारा उदघाटन किया गया। कार्यक्रम के दौरान अपर महानिदेशक अखिल कुमार मिश्रा ने उपस्थित बच्चों/युवाओं व अन्य लोगों को केंद्रीय संचार ब्यूरो द्वारा आयोजित प्रदर्शनी की विशेषताओं की जानकारी देते हुए सभी से अपने अभिभावकों सहित क्षेत्र के अन्य लोगों को प्रदर्शनी के बारे में जानकारी देने की अपील की । वहीं, उन्होंने 3 दिनों तक चलने वाले प्रदर्शनी कार्यक्रम के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए सभी को प्रेरित किया। मौके पर उन्होंने प्रदर्शनी के थीम पर अंतरराष्ट्रीय मोटा अनाज वर्ष, विश्व गौरैया दिवस सहित अन्य के महत्व के प्रति सभी को जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त रामगढ़ माधवी मिश्रा ने कहा कि केंद्रीय संचार ब्यूरो द्वारा रामगढ़ में आयोजित तीन दिवसीय प्रदर्शनी कार्यक्रम रामगढ़ जिले के लोगों के लिए गर्व की बात है । वहीं ,उन्होंने कार्यक्रम के दौरान आजादी के अमृत महोत्सव के तहत विभिन्न स्वतंत्रता सेनानियों/ झारखंड के स्वतंत्रता सेनानियों का जिक्र करते हुए उनसे प्रेरणा लेने की अपील की। उन्होंने विश्व गौरैया दिवस, विश्व प्रसन्नता दिवस सहित तीन दिवसीय प्रदर्शनी कार्यक्रम के दौरान मनाए जाने वाले विभिन्न दिवसों की जानकारी देते हुए सभी से कार्यक्रमों में भाग लेने की अपील की। मौके पर उपायुक्त ने तीन दिवसीय प्रदर्शनी कार्यक्रम के थीम अंतर्राष्ट्रीय मोटा अनाज वर्ष पर विशेष जोर देते हुए इसके माध्यम से कुपोषण को दूर करने एवं ज्यादा से ज्यादा लोगों तक मोटे अनाज के फायदों की जानकारी पहुंचाने की सभी से अपील की। कार्यक्रम के दौरान कार्यालय प्रमुख, केंद्रीय संचार ब्यूरो रांची शाहिद रहमान द्वारा स्वागत भाषण देने के क्रम में सभी को तीन दिवसीय प्रदर्शनी कार्यक्रम के दौरान आयोजित होने वाले विशेष कार्यक्रमों की जानकारी दी गई। साथ ही उन्होंने सभी को विश्व गौरैया दिवस की शुभकामनाएं देते हुए लोगों द्वारा अपनाए जाने वाले उपायों जिनसे देश में गौरैया की संख्या को बढ़ाई जा सकती है के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। इससे पूर्व कार्यक्रम की शुरूआत में अपर महानिदेशक एवं उपायुक्त को मोमेंटो देकर व शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया । वही अपर महानिदेशक एवं उपायुक्त ने कार्यक्रम के दौरान आयोजित सेल्फी अभियान ने भी हिस्सा लिया। साथ अपर महानिदेशक एवं उपायुक्त के द्वारा तीन दिनों तक चलने वाले प्रदर्शनी कार्यक्रम एवं इससे संबंधित विभिन्न थीम के प्रति जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों में लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। कार्यक्रम के दौरान धन्यवाद देते हुए जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ असीम कुमार ने अपर महानिदेशक एवं उपायुक्त का अपना बहुमूल्य समय कार्यक्रम में देने के लिए उनका धन्यवाद किया । उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित जिला प्रशासन के सभी अधिकारियों, जिले वासियों, विद्यार्थियों, युवाओं आदि को आजादी के अमृत महोत्सव के तहत आयोजित तीन दिवसीय प्रदर्शनी में बढ़ चढ़कर भाग लेने एवं प्रदर्शनी के माध्यम से कुछ सीखने के लिए शुभकामनाएं दी साथ ही उन्होंने सभी का धन्यवाद किया। प्रदर्शनी के आयोजन में रामगढ़ कॉलेज की प्रिंसिपल इंचार्ज प्रोफेसर रेखा , प्रोफेसर रत्ना पांडे एवं प्रोफेसर अनामिका भी कार्यक्रम में मौजूद रहीं और उन्हें भी शॉल व मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।

## बरही : बिजली चोरी मामले में प्राथमिकी दर्ज

**बरही ।** विद्युत ऊर्जा चोरी को लेकर लगातार विभाग की छापामारी जारी है । बावजूद उपभोक्ता उर्जा चोरी करने से बाज नहीं आ रहे हैं । सोमवार को एक बार फिर 26 लोगों के ऊपर बरही जेई अभिषेक आनंद और चौपारण जेई धनंजय कुमार दो अलग अलग प्राथमिकी दर्ज कराई है । बरही जेई के अनुसार बैरीसाल निवासी अर्जुन रविदास, महादेव रविदास, बाजो रविदास, अशोक दास, रूपलाल रविदास, राजू यादव, सरयु पासवान, जुगल महतो, राजकुमार रविदास, महाबीर यादव, सुभाष यादव और पुरहारा निवासी नारायण यादव का नाम शामिल है । वही चौपारण जेई ने चतरो निवासी सुधाकर यादव, अशोक यादव श्यामलाल पंडित, भुनेश्वर यादव, महेंद्र यादव, अरविंद पासवान, राजकुमार पासवान, यमुना पासवान, महेंद्र पासवान, नंदलाल पासवान पर विद्युत ऊर्जा चोरी को लेकर प्राथमिकी दर्ज कराई है । एसडीओ सौरभ लिंडा ने बताया कि छापेमारी लगातार जारी रहेगा । उपभोक्ता बकाए बिल का भुगतान करे और अवैध विद्युत ऊर्जा का उपयोग नही कर कानूनी पेंच से बचें ।

## निजी स्कूल संघ ने एसडीपीओ को दिया ज्ञापन



**बरही ।** बीते शनिवार को रॉयल ऑर्किड इंटरनेशन स्कूल के आठवीं के छात्र रेहान की खुदकुशी मामले पर हुए प्राथमिकी का निजी विद्यालय संघ ने कड़ा विरोध किया है । मामले को लेकर श्रीदास इंटरनेशनल स्कूल में संघ की आपातकालीन बैठक प्रखंड अध्यक्ष मिथिलेश यादव की अध्यक्षता में हुई । जिसमे दर्जनों विद्यालय के निदेशक और प्राचार्य शामिल हुए ।बैठक में रेहान खुदकुशी मामले के विभिन्न विंदुओं पर गंभीरता पूर्वक विचार किया गया । सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि मृतक छात्र परीक्षा देने के क्रम में चीटिंग करते पकड़ा गया था । जिसकी सूचना अभिभावक को दी गई परंतु अभिभावक समय से नही पहुंचे जिसे विद्यालय ने छुट्टी होने पर स्कूल बस से घर भेज दिया । घर पर बच्चे ने खुदकुशी किया इसमें प्रबंधन कैसे गलत हुआ ? प्रबंधन तो विद्यालय के अनुशासन और नियम का पालन किया, जो बच्चे के भविष्य के लिए ही है । प्रबंधन सहित संघ परिवार बच्चे की मौत से मर्माहत है । परंतु विद्यालय के प्राचार्य और दो शिक्षको पर प्राथमिकी दर्ज करवाना बिलकुल अनुचित है । बैठक के अंत में सबों ने एसडीपीओ नाजिर अख्तर को लिखित ज्ञापन देकर संघ के विचारो अवगत कराया और मामले की उचित जांच करने की मांग किया । उक्त जानकारी संघ के मिडिया प्रभारी रामचंद्र यादव ने दिया । बैठक और ज्ञापन देने वालो में डीएवी पब्लिक स्कूल, श्रीदास इंटरनेशनल स्कूल, रॉयल ऑर्किड इंटरनेशनल स्कूल, भामाशाह सरस्वती विद्या मंदिर, डॉ बी आर अम्बेदकर पब्लिक स्कूल, रेनबो विद्यालय, सेंट्रल मिशन पब्लिक स्कूल, झारखंड नेशनल स्कूल, माउंट ओलिवेंट विद्यालय सहित दर्जनों निजी विद्यालय के प्रतिनिधि मौजूद थे ।

# चैत्र नवरात्र में बन रहे हैं कई शुभ संयोग : तिवारी



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
इस वर्ष बार चैत्र नवरात्रि का शुभारंभ बुधवार 22 मार्च से हो रहा है। जिसका समापन 30 मार्च होगा। इस वर्ष मां दुर्गा का आगमन नौका पर होगा। शास्त्रों में मां के इस रूप को भक्तों की समस्त इच्छाएं पूर्ण करने वाला माना जाता है। उक्त बातें 20 मार्च को बाबा विश्वनाथ ज्योतिष केंद्र सोंढ़ चितरपुर के संचालक मिथलेश तिवारी ने कही। उन्होंने कहा कि खास बात ये है कि चैत्र नवरात्र के पहले दिन कई शुभ योग बन रहे हैं। इस समय में घटस्थापना बहुत ही लाभदायक और उन्नतिकारक सिद्ध होने वाला सिद्ध होगा। तिवारी ने बताया कि इस बार चैत्र नवरात्रि में अबकी बार पूरे नौ दिनों की नवरात्रि होगी। इस बार चैत्र नवरात्र पंचक काल में आरंभ होने के कारण पूजा-अर्चना के लिए शुभ रहेगा। मंदिरों में सुबह 6:23 से 7:32 बजे तक और घर-घर में अभिजीत मुहूर्त में सुबह 11:05 से 12:35 बजे के मध्य घट स्थापना की जाएगी। पंचक 19 मार्च से शुरू हो रहा है और 23 मार्च को खत्म समाप्त होगा। लेकिन इस बार पंचक के साथ ही इस दिन 4 ग्रह एक साथ मीन राशि में संयोग बनाकर गोचर कर रहे होंगे। साथ ही कई शुभ योग भी इस दिन उपस्थित रहेंगे। जैसे, गजकेसरी योग, बुधादित्य योग, हंस योग, शश योग, धर्मात्मा और राज लक्षण योग भी इस दिन बना रहेगा। ऐसे शुभ संयोगों के कारण पंचक को लेकर चिंता करने की जरूरत नहीं है। वैसे भी माता सभी अशुभ प्रभाव को दूर करने में सक्षम हैं और काल के लिए मां महाकाली भी हैं।

## डीजे पर लगे प्रतिबंध को लेकर पांचवें दिन भी अनशन जारी

**हजारीबाग।** हजारीबाग का प्रसिद्ध ख्यातिप्राप्त रामनवमी पर्व पर सरकार की ओर से लगाए गए डीजे साउंड पर प्रतिबंध के विरोध में हिन्दू प्रचारक मंच का सोमवार को पांचवें दिन भी अनशन जारी रहा। इस बीच कई अनशनकारियों का तबीयत खराब भी हुई पर लोग अपनी मांगों के प्रति अडिग दिखे। उल्लेखनीय कि हजारीबाग की रामनवमी का इतिहास आजादी से पूर्व की है। इस बार हजारीबाग की रामनवमी पहले से ही चर्चा में है। जिले में सुरक्षा के मद्देनजर धारा 144 लगाया गया है। कई अनशनकारियों की तबीयत खराब होने के बावजूद भी अनशनकारी अस्पताल नहीं गए और अपने अनशन पर बने रहे। जिला प्रशासन द्वारा उन्हे समझाया भी गया फिर भी वे अडिग रहे। डीजे पर लगे प्रतिबंध को हटाने की मांग का समर्थन कई लोगों द्वारा मिल रही है। अनशन पर बैठे अनशनकारियों में अजय सिंह, उमेश गुप्ता, अमन,सहित कई अनशन पर डटे हुए हैं।

### रामनवमी को लेकर गोरहर थाना में शांति समिति की बैठक

# डीजे पर रहेगी पूर्ण पाबंदी : थाना प्रभारी



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**
रामनवमी त्योहार शांति पूर्वक मनाने को लेकर गोरहर थाना परिसर में सोमवार को शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। अध्यक्षता थाना प्रभारी कृष्णा कुमार साहा और संचालन पूर्व मुखिया प्रतिनिधि अर्जुन राणा ने किया। बैठक में मुख्य रूप से सीओ श्री कांतलाल मांझी, पुलिस निरीक्षक श्यामचंद सिंह,बीस सूत्री अध्यक्ष प्रदीप प्रसाद उपस्थित थे। मौके पर विभिन्न अखाड़ा के लोगों को सरकारी दिशा निर्देश की जानकारी दी गई। वहीं लोगों को संबोधित करते हुए थाना प्रभारी ने कहा कि जुलूस में डीजे पर पूर्ण पाबंदी रहेगी। साथ ही अफवाहों से बचने की सलाह दी। कहा कि नियमों का उलंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक में बेलकपी मुखिया ललिता देवी,शिलाडीह मुखिया निजाम अंसारी, जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष कुदूश अंसारी,पंसस ज्योति देवी, मुखिया प्रतिनिधि छोटन कोल, समाज सेवी धीरेन्द्र पाण्डेय,पंसस विकास पाण्डेय, पूर्व पंसस लोकनाथ राणा, राजद नेता हसमत अली, सुनील कुमार पाण्डेय, पंसस प्रतिनिधि समीम अंसारी, शिवलाल यादव,उप मुखिया सहदेव पासवान, जोधन मोदी, नबी मियां, महेश मोदी, सुरेन्द्र साव,रामटहल महतो, श्यामाकांत पाण्डेय, संदीप साव,श्याम किशोर सिंह, देवेन्द्र पाण्डेय समेत दर्जनों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

## जिप सदस्य के पहल पर ग्रामीणों को मिला ट्रांसफार्मर



**बरकट्ठा।** प्रखंड के झुरझुरी पंचायत अन्तर्गत ग्राम सतघरवा में कुछ दिनों से खराब पड़े सौ केवी ट्रांसफार्मर को जिला परिषद सदस्य प्रेरणा प्रिया पाण्डेय के पहल पर उपलब्ध करवाया गया। विदित हो कि विगत कुछ दिनों पूर्व सतघरवा में ट्रांसफार्मर जल जाने के कारण ग्रामीणों,मैट्रिक व इंटर की परीक्षा दे रहे विद्यार्थियों को विधुत हेतु समस्या का सामना करना पड़ रहा था। इसकी सूचना स्थानीय ग्रामीणों व समाजसेवी चंदन कुमार भारती के द्वारा प्रेरणा प्रिया को दी गई । जिसके बाद मामले को संज्ञान में लेते हुए उन्होंने एक सौ केवी का ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया। इस कार्य के लिए ग्रामीणों ने जिप सदस्य के प्रति आभार व्यक्त किया।

**दिशा-निर्देश**

### रामगढ़ में विभिन्न परियोजनाओं की समीक्षा बैठक

# योजनबद्ध तरीके से करें कार्य : उपायुक्त



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
आधारभूत संरचना एवं विभिन्न परियोजनाओं के तहत सोमवार को उपायुक्त माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में समीक्षा बैठक का आयोजन हुआ। भारतमाला परियोजना के तहत हो रहे कार्यों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने संबंधित परियोजना निदेशकों से अब तक हो चुके कार्यों की जानकारी ली । जिसके उपरांत उन्होंने जमीन अधिग्रहण के उपरांत मुआवजे के भुगतान के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया। साथ ही उपायुक्त ने भारतमाला परियोजना के तहत गोला ओरमांझी मार्ग एवं गोला जैनामोड़ मार्ग के कार्यों के संबंध में आवश्यक निर्देश दिया। वहीं, बरलांगा कसमार सड़क निर्माण के तहत हो रहे कार्यों की समीक्षा के क्रम में कार्य प्रगति की जानकारी लेने के उपरांत शत प्रतिशत मुआवजे का भुगतान सुनिश्चित करने के संबंध में योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने सांडी-रजरप्पा मार्ग में बाकी बचे कार्य को जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने जुडको, पथ निर्माण विभाग, पीवीयूएनएल, टिस्को, सीसीएल सहित अन्य परियोजनाओं के अधिकारियों से उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए एफआरए, एनओसी, जमीन अधिग्रहण सहित लंबित मामलों की जानकारी लेने के उपरांत जल्द से जल्द कार्रवाई करते हुए उनके निष्पादन के संबंध में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उपायुक्त ने विभिन्न परियोजनाओं में अधिग्रहित किए गए जमीन के लंबित मुआवजे के भुगतान की समीक्षा करते हुए जल्द से जल्द मुआवजा भुगतान करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने अंचलवार अंचल अधिकारियों से उनके उनके क्षेत्रों में चल रही परियोजनाओं में भूमि सहित अन्य मामलों के तहत हो कार्यों की जानकारी लेने के उपरांत मामलो पर कार्रवाई करते हुए ससमय उनका निष्पादन करने का निर्देश दिया। समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने सभी परियोजनाओं के अधिकारियों को किए जा रहे कार्यों के दौरान आने वाली समस्याओं से जिला प्रशासन को नियमित रूप से अवगत कराने का निर्देश दिया।

### जाम की समस्या को लेकर नाजिर अख्तर पूरी तरह गंभीर

# बरही चौक के इर्द-गिर्द वाहन खड़ा करनेवाले होंगे दंडित : एसडीपीओ





**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
प्रतिदिन बरही चौक पर लगने वाले ट्रैफिक जाम की समस्या को लेकर एसडीपीओ नाजिर अख्तर पूरी तरह गंभीर है । विशेष बातचीत के दौरान उन्होंने बताया कि रामनवमी के बाद बरही चौक पर ट्रैफिक चेक पोस्ट की व्यवस्था की जा रही है । जो नो पार्किंग जोन, वाहन चेकिंग और ट्रिपल लोडिंग आदि विभिन्न विन्दुओ पर निगरानी करेगा । उन्होंने बताया कि ट्रैफिक जाम से मुक्ति के लिए स्वविवेक और जागरूकता भी आवश्यक है । लोग थोड़ी समझदारी लाए और अपने वाहन को सड़को पर खड़ा नही करे । कई बार प्रबुद्धजनों को भी सड़क पर वाहन लगाकर ट्रैफिक जाम करते देखा गया है, जो गैर कानूनी है । इसके साथ ही खोमचे वाले, ठेले वाले अथवा सब्जी वाले आदि भी सड़को पर अपनी दुकानें नही लगाए । इस कार्य में जनप्रतिनिधियों को भी आगे आने की आवश्यकता है । लोगो को जागरूक करने की आवश्यकता है, क्योंकि ट्रैफिक समस्या के कारण दुर्घटनाएं कभी भी किसी के साथ हो सकते है । पुलिस के करवाई पर अनावश्यक पैरवी भी उचित नही है । उन्होंने कहा कि प्रशासन ट्रैफिक जाम से निजात दिलाने के लिए गंभीर है।

